# रीवा-मऊगंज में यूरिया खाद पर हाहाकार

## एक बोरी खाद पाने के लिये महिलाएं भी लग रही लाइन में, अन्नदाताओं की फसल हो रही खराब

**रीवा, 29 अगस्त, पूरे प्रदेश के साथ रीवा एवं मऊगंज जिले में किसानो को खाद नही मिल रही है. धान की फसल में यूरिया खाद छिडक़ाव करने के लिये किसानो को उपलब्ध नही है. लिहाजा एक बोरी खाद के लिये किसान भटक रहे है.**



अभी एक सप्ताह पहले यूरिया खाद की जो रैक आई थी उससे भी राहत नही मिल पाई. रात भर किसान कतार में खड़े रहे और एक बोरी खाद नसीब हुई. शनिवार को यूरिया की एक रैक आ रही है जिसके बाद कुछ हद तक राहत मिल पाएगी. गौरतलब है कि खाद की जितनी मांग है उसके अनुरूप खाद की आपूर्ति नही हो रही है. जबकि बोनी के समय किसानो को डीएपी खाद नही मिल रही थी, उस समय यूरिया थी लेकिन अब धान की फसलो में छिडक़ाव के लिये यूरिया की आवश्यकता है जा नही मिल रही है. किसान एक बोरी खाद लेने के लिये सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे है. नगद खाद समितियो में नही दी जा रही, वही व्यापारी मंहगे दाम पर खाद दे रहे है.

### इस समय है यूरिया की आवश्यकता

रीवा और मऊगंज जिले में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है. किसानों की फसल खाद के अभाव में खराब हो रही है. अगर समय पर खाद नहीं मिली तो किसानो को नुकसान उठाना पड़ेगा. कृषि उपज मंडी करहिया एवं डबल लाक में जहां खाद का वितरण हुआ वहा इस धूप में किसान लम्बी कतार में खड़े रहे. जहां न तो पानी की व्यवस्था और न ही छाया की. पुरूष के अलावा महिलाएं खाद पाने के लिये कतार में खड़ी रही. दिन भर खड़े होने के बाद एक बोरी खाद नसीब हुई. खाद को लेकर अन्नदाता परेशान है लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि बोलने को तैयार नही है. खरीफ की फसल के लिये खाद की इतनी मारामारी नहीं होती थी जितनी अभी हो रही है. इस समय जब यूरिया की आवश्यकता है तो नहीं मिल रही है, जबकि डीएपी खाद उपलब्ध है और एक माह बाद बोनी के लिये डीएपी खाद की मारामारी शुरू होगी तो उस समय नही मिलेगी. शनिवार को यूरिया खाद की एक रैक आ रही है, जिससे कुछ राहत मिलेगी. गौरतलब है कि प्रदेश के अन्य जगहों पर भी यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान हो रहे है. ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

# नगर निगम की सामान्य बैठक में हंगामा

**जबलपुर, 29 अगस्त. नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक के दूसरे दिन भी सदन में नारेबाजी, विरोध प्रदर्शन, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला. विपक्ष के पार्षदों ने शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा व्यवस्था के फेल होने और बदहाल सड़कों के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की.**



कांग्रेस पार्षद मुखीमा अंसारी अपने वार्ड की बदहाल सड़कों के बारे में चर्चा कर रहीं थीं तभी इसी पर एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी ने कह दिया कि किसी पार्षद का सड़कों की वजह से पैर टूट जाएगा तो नगर निगम उसे वैशाखी उपलब्ध कराएगा. इस बयान के बाद बैठक में मौजूद कांग्रेस पार्षद आक्रोशित हो गए और जमकर नारेबाजी करने लगे. जिससे सदन बैठक का माहौल गरमा गया.

> नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने नवभारत को बताया कि सदन बैठक के दूसरे दिन पार्षद मद के रूके हुए विकास कार्य, डोर टू डोर कचरा की बदहाल व्यवस्था, जर्जर सड़कों, नगर निगम के 16 जोनों में टैक्स के लिए परेशान हो रही जनता के विषय पर चर्चा की गई. जिस पर सत्ता पक्ष व नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने विपक्ष के पार्षदों को आश्वासन दिया कि पार्षद मद के रूके हुए विकास कार्यों को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित कर निराकरण कराया जाएगा और साथ ही मंगलवार को ठेकेदारों को तलब कर समस्या का समाधान किया जाएगा.

# भिंड विधायक के खिलाफ सीएस से मिली आईएएस एसोसिएशन

**ग्वालियर.** एमपी आईएएस एसोसियेशन के अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव ने बताया है कि बुधवार को भिंड कलेक्टर के साथ हुए घटनाक्रम को लेकर आज मुख्य सचिव अनुराग जैन से मुलाकात की गई. इस मामले में विरोध दर्ज कराया गया है. एसोसियेशन के पदाधिकारी और आईएएस अधिकारी एक साथ मुख्य सचिव अनुराग जैन और सीएम मोहन यादव से फिर मुलाकात करेंगें. संपूर्ण घटनाक्रम पर कार्यवाही के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की मांग भी करेंगे. उन्होंने कहा है कि इस मामले में उन्होंने भिंड कलेक्टर से भी बात की है.

# 40 फीट की ऊंचाई से गिरे मजदूर की मौत

**कंपनी ने परिजनों को अमन के एक्सीडेंट होने की सूचना दी**

**युवक को अस्पताल लाए जहां मृत घोषित कर दिया**

**कटनी,29 अगस्त. झिंझरी चौकी क्षेत्र के हनुमान ताल स्थित मीरा सीमेंट कंपनी में काम कर रहे एक 22 वर्षीय मजदूर की शुक्रवार शाम करीब 4 बजे ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई.**



मृतक की पहचान गुलवारा गनियारी गांव निवासी अमन बर्मन पिता मुन्ना बर्मन के रूप में हुई है. घटना तब हुई जब अमन करीब 40 फीट की ऊंचाई पर प्रोफाइल शीट पर वेल्डिंग कर रहा था. अमन बर्मन रोज़ की तरह आज भी मीरा सीमेंट इट कंपनी में काम करने के लिए गया हुआ था. शाम को उसके परिजनों को कंपनी से सूचना मिली कि अमन का एक्सीडेंट हो गया है.

> घटनास्थल पर मौजूद अन्य मजदूरों ने जानकारी देते हुए बताया कि काम के दौरान अचानक अमन का पैर फिसल गया और वह 40 फीट की ऊंचाई से सीधे नीचे जा गिरा. घटना के तुरंत बाद, कंपनी की गाड़ी से अमन को एक निजी अस्पताल ले जाया गया. उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया.

# परिजनों ने शव को सड़क पर रख किया चक्कजाम

**आरोप : शराब पीकर युवक के साथ की गई मारपीट**

**अनूपपुर,29 अगस्त. जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत जामुड़ी में मृतक के शव को लेकर परिजनों ने अनूपपुर अमरकंटक मुख्य मार्ग पर मृतक के शव को रखकर करीब 2 घंटे तक चक्काजाम कर दिया.**



मृतक विकास सिंह के पिता ने बताया कि 27 अगस्त को कृष्णा भगवान को बहाने लेकर गए विकास सिंह पिता लेखन सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत जामुड़ी अपने दोस्तों के साथ गया हुआ था. परिजनों को जानकारी लगी की कुछ लोग उसके साथ दारू पीकर मारपीट कर रहे थे. लड़ाई खत्म होने के बाद युवक अपने घर आ रहा था किंतु उसमें रहस्यमय तरीके से युवक लापता हो गया सुबह होते ही परिजनों एवं दोस्तों के द्वारा विकास सिंह को खोजने निकले पता चला कि युवक का शौक तालाब में देखा गया है परिजनों ने कहा पुलिस की कार्यवाही से हम संतुष्ट नहीं है और शव सड़क पर रख विरोध जताया.

### पुलिस जांच में जुटी

एसडीओपी सुमित केरकेट्टा ने बताया कि मृतक विकास सिंह पिता लेखन सिंह सिंह अपने दोस्तों के साथ 27 अगस्त को भगवान को विसर्जन करने गया हुआ था जिसका शव सुबह होने पर पता चला कि सकरा में स्थित नहर तालाब में एक शव देखा गया है जिसकी पहचान विकास सिंह के रूप में हुई है जिस पर कोतवाली पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर शव को परिजनों को सौंपा गया है घर वालों की मांग थी कि इस पर निष्पक्ष जांच करते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करें जिस पर परिजनों को संतुष्ट कर दिया गया है.

# बाघ शिकार प्रकरण का फरार आरोपी गिरफ्तार

**सीधी,29 अगस्त. क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व ने जानकारी देकर बताया कि संजय टाईगर रिजर्व सीधी अंतर्गत परिक्षेत्र दुबरी वृत डेवा बीट खरवर कक्ष क्रमांक 509 स्थान बस्तुआ दुबरी सीमा लाइन में 19 अगस्त को रात्रि करेंट लगाकर वन्य प्राणी बाघ का शिकार किया गया था.**



वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देश एवं मार्गदर्शन में डॉग स्कॉड एवं वन अमले द्वारा पतासाजी की गई जिसमें खरबर ग्राम के 4 आरोपी संलिप्त पाए गए, धर्मपाल उर्फ मुंडू बैगा पिता दद्दा बैगा उम्र 55वर्ष, नानदाऊ बारडोलिया पिता रामदेव बैगा उम्र 53 वर्ष, राजेश पिता रामगोपाल बैगा उम्र 33 वर्ष एवं रामसजीवन उर्फ लाला बैगा पिता रामदास बैगा समस्त साकिन खरबर पोस्ट चिंगवाहा तहसील कुसमी थाना मझौली जिला सीधी. क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे एवं उप संचालक राजेश कन्ना टी. के मार्गदर्शन में आरोपी क्रमांक 1 और 2 को दिनांक 21 अगस्त 25 को गिरफ्तार किया गया था. आरोपी क्रमांक 3 को 23 अगस्त 25 को गिरफ्तार किया गया. शेष फरार आरोपी रामसजीवन उर्फ लाला बैगा पिता रामदास बैगा को मड़वास के पास चंदही गांव से घेराबंदी कर पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया.

# गर्म जल के आधार पर तपस्या

नवभारत न्यूज

**मून्दी। नगर में आज 36उपवास पूर्ण करने वाली आरती पीयूष कुमार बम्म का बरघोडा उनके निवास स्थान से जो मुख्य मार्ग से होते हुए जैन स्थानक पहुंचा। पूरे मार्ग में जय जयकार के नारे एवं स्तवन का गायन हुआ जैन स्थानक में विराजित महासती पूज्य किरण बालाजी महाराज साहब आदि ढाणा चार के मुखारविंद से 36 उपवास के पचकान संपन्न हुए।**



किरण बाला ने तब का महत्व बताया और तब क्यों किया जाता है इससे हमारे कर्मों के निर्जरा होती है और मरने से बहुत जो मिला है उसे सुधार लो अंतकाल के जो कर्म बंधे हैं उनकानाश होता है। आरती बहन एवं उनके पुत्र हर्षित ने भी नव उपवास की उनका भी पचखान हुआ और आत्मा को चंचल बनाया।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक नारायण पटेल ,लाला भाई ,संटू दादा, चंद्र मोहन राठौर, अशोक जैन, मनसुख लाल भंडारी, छगनलाल बम्म, आशा बम्म, हेमराज वनवट एवं कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया और तपस्वियों के ताप की अनुमोदना करी। गर्म जल के आधार पर तपस्या करना कठिन होता है पर छगन लाल जैन के परिवार में तपस्या के सागर में डूब कर तीन पीढ़ी ने इस चातुर्मास में तपस्या कर डाली। उनकी पत्नी आशा पुत्रवधू आरती एवं पोता हर्षित बम्म। कार्यक्रम में खंडवा, इंदौर,बदनावर, नरसिंहपुर, छनेरा, खिड़कियां,बडवाह, सनावद से धर्म प्रेमी आए।

# एटीएम कार्ड चोरी का खुलासा, 3 गिरफ्तार

## बिहार के शातिर चोरों ने अपनाया था गोंद का तरीका

**मंडला,29 अगस्त. नैनपुर पुलिस ने एटीएम कार्ड चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ये आरोपी बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं और एटीएम कार्ड फंसाकर लोगों के खातों से लाखों रुपए निकाल लेते थे.**



पुलिस ने आरोपियों को पांच दिवस की पुलिस रिमांड के बाद न्यायालय में पेश किया गया.

जानकारी अनुसार घटना 23 जुलाई की है, जब फरियादी विश्वजीत सिंह वायामने पुलिस को बताया कि उनका और उनकी पत्नी का एटीएम कार्ड नैनपुर के एसबीआई एटीएम में फंस गया था. उसके पहले उन्होंने एटीएम से दस हजार रूपए की निकासी की थी, जिसके बाद एटीएम फंस गया. उन्होंने एटीएम के बाहर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया, तो दूसरी तरफ से एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें शाम तक इंजीनियर के आने की बात कहकर घर भेज दिया. बाद में उन्हें पता चला कि उनके खाते से 1 लाख 5 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं. इस पर पुलिस ने बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की.

बताया गया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज की जांच करने और साइबर टीम को सक्रिय करने के निर्देश दिए.

# बाइकर्स गैंग के लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लूट-झपटमारी की 26 घटनाओं का खुलासा**

**रीवा, 29 अगस्त.** जिले मे विगत कुछ माह से हो रही बैग झपटमारी / लूट की घटनाओं में करीबन एक सप्ताह पूर्व से अचानक तेजी आई थी. जिसके बाद पुलिस की नींद उड़ गई और पुलिस आरोपियो तक पहुंचने लगातार हाथ पैर मार रही थी. अधिकारियों द्वारा गठित टीम लगातार लूटेरो को पकडऩे में लगी थी. कड़ी मसक्कत के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिनसे लूटे गये जेवरात और नगदी बरामद की गई है. मामले का खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत ने किया.

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत ने बताया कि 27 अगस्त को आरोपियो द्वारा रीवा के थाना चोरहटा अंतर्गत झपटमारी की गई. जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियो को चिन्हित किया जा कर उनकी धरपकड हेतु जिले में सघन नाकाबंदी लगाई गई. नाकाबंदी के दौरान मुखबिर द्वारा थाना चोरहटा अंतर्गत घटना के आरोपिया के सीसीटीव्ही फुटेज से मिलते जुलते हुलिये के संदिग्ध व्यक्ति के स्कूटी में देखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया और ग्राम कौआढान के पास पकड़ लिया.

# लंबित मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारियों ने भरी हुंकार

**सीएम के नाम ज्ञापन सौंप निराकरण की रखी मांग**

**अनूपपुर,29 अगस्त. भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ व मध्य प्रदेश विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनूपपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा.**




मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप कर बताया कि भारतीय मजदूर संघ और अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ द्वारा घोषित आंदोलन ज्ञापन के समर्थन में 29 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित राष्ट्रव्यापी शांतिपूर्ण आंदोलन कार्यक्रम के तहत मांगे सरकार की ओर विचार एवं कार्यवाही के लिए दिया गया है.

महासंघ की यह है राष्ट्रीय मांगे

संघ ने केन्द्र स्तर मांग रखी है कि पुरानी पेंशन योजना को पुन: लागू किया जाना चाहिए. भारत सरकार को बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक राष्ट्र एक ग्रिड एक सेवा नियम लागू करना चाहिए. विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण क्षेत्रों के लिए एक नई त्रिपक्षीय औद्योगिक समिति का गठन और संचालन किया जाना चाहिए ताकि विद्युत अधिनियम, 20003 की धारा 133 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके. केंद्र सरकार को विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण के निजीकरण को रोकने और उसे युक्तिसंगत बनाने के लिए कदम उठाने चाहिए.

> संघ ने प्रदेश स्तर की मांगों में बताया कि विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों को नियमित किया जावे. विभाग में जो पद विज्ञापित हुये है या होने वाले है, उनके विज्ञापन में संविदाकर्मियों के बारे में किसी प्रकार की रियायत का अनुच्छेद नहीं है जबकि आपके द्वारा विज्ञापित पदों में ही अन्य विभागों से अनुभव प्राप्त कार्मिको को विज्ञापन में अर्हता बनाया है, तो बिजली कम्पनी में ती कार्यरत संविदाकर्मियों को आरक्षण क्यों नहीं? संविदा कर्मियों को नियमित किया जावे. विज्ञापन में कोई आरक्षण या बोनस अंक प्रदान नहीं किये हैं.

# उद्यान में कलेक्टर-एसपी कार्यालय के निर्माण पर रोक बरकरार

**जबलपुर, 29 अगस्त. मंडला जिले में स्थित उद्यान भूमि पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाये जाने पर हाईकोर्ट ने अपना पूर्व का अंतरिम आदेश बरकरार रखा है.**



चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष शासन की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई. जिस पर न्यायालय ने यथास्थिति के निर्देश को यथावत् रखते हुए मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है. यह जनहित का मामला मंडला जिले महात्मा गांधी वार्ड निवासी अब्दुल गफ्फार कुरैशी की ओर से दायर किया गया है. जिसमें कहा गया है कि मंडला शहर में नर्सरी उद्यान है, जो कि करीब छह एकड़ में फैला हुआ है. जिसमें दस हजार से अधिक पेड़-पौधे लगे हुए है, जिससे व्यापक रूप से शहरवासियों को आक्सीजन प्राप्त होती है. आवेदक का कहना है कि हाल ही में शासन ने उक्त उद्यान भूमि पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नवीन भवन निर्माण के आदेश जारी किये है, जिसमें जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरु होने वाला है. आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त निर्माण कार्य से हरे-पौधों को काटा जायेगा, जो कि अनुचित है.

याचिका में राहत चाही गई है कि उक्त दोनों भवनों का निर्माण अन्यत्र स्थान पर किया जाये, ताकि पेड़-पौधों को बचाया जा सके. मामले में मप्र शासन के प्रमुख सचिव, मंडला कलेक्टर, पीसीसीएफ भोपाल, सीसीएफ जबलपुर, डायरेक्टर बागवानी विभाग भोपाल, असिस्टेंट डायरेक्टर बागवानी मंडला, डिवीजन फॉरेस्टस अधिकारी मंडला को पक्षकार बनाया गया है. मामले की सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने यथास्थिति के निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये थे.

**आयोजन** | संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर में अभ्युदय समापन सत्र में शामिल हुए राजेद्र शुक्ल

# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही ऊंचाइयां प्राप्त होगी : उप मुख्यमंत्री

**रीवा, 29 अगस्त, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा से ही उंचाईयाँ प्राप्त की जा सकती हैं.** सर्वोच्च पद पर पहुंचकर भी समाज, आमजनों के कल्याण व देश के विकास के लिये प्रयत्नशील रहें. उप मुख्यमंत्री शुक्ल माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में नवागत विद्यार्थियों के प्रबोधन कार्यक्रम अभ्युदय के समापन सत्र में शामिल हुए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है.



यहां के छात्रों ने देश व विदेश में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट स्थान बनाया है. रीवा परिसर के विद्यार्थी भी लगन व मेहनत से शिक्षित होकर अपने संस्थान का नाम रोशन करें. यह संस्थान उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है. आने वाले दिनों में इसकी और प्रतिष्ठा होगी. उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने पाठ्यक्रम के साथ ही आदर्श पुस्तकों का अध्ययन करें और देश को विश्वगुरू बनाने में सहभागी बनें. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गलत जनमत बनाते हैं उनके षडयंत्रें को विफल करें क्योंकि लक्ष्य को प्राप्त करने में जागरूकता व शिक्षा आवश्यक है. उन्होंने कहा कि विन्ध्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है वर्तमान में देश की सेना के दो सर्वोच्च पदों पर विन्ध्य के ही लाल विराजमान हैं.

कार्यक्रम में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता के साथ कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को आने वाले समय में आईटी क्षेत्र में ख्यातिलब्ध विद्वान का मार्गदर्शन मिलेगा.

> उन्होंने नवागत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा अपेक्षा की कि वह अपने परिजनों की आशाओं पर खरे उतरेंगे और देश-विदेश में स्वयं व संस्थान का नाम रोशन करेंगे. कार्यक्रम को कृष्ण मोहन मिश्रा, प्रकाश हिंदुस्तानी, संजय पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, जयराम शुक्ला ने भी संबोधित किया. आभार प्रदर्शन केंद्र प्रभारी डॉ सत्येंद्र डेहरिया द्वारा किया गया. इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थापित विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया.

# चोरी ट्रॉली बैग बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**देवास.** टोंककला चौकी पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी गए सफारी कंपनी के ट्रॉली बैग बरामद कर लिए है. पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी संदीप पिता संदीप झाला उम्र 21 वर्ष निवासी कंजर डेरा टोंककला को गिरफ्तार किया है. वहीं, चोरी में शामिल अन्य तीन आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है. यह कार्रवाई एसडीओपी दीपा मांडवे के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा की गई. टीम में थाना प्रभारी आलोक सोनी, चौकी प्रभारी हिमांशु पांडे, आरक्षक शंकर पटेल, रितेश, धर्मेंद्र, प्रधान आरक्षक राजेश करोड़िया, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र चौहान शामिल रहे.

### द्वितीय अपील पर राज्य सूचना आयुक्त लें निर्णय

हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने राज्य सूचना आयुक्त को द्वितीय अपील पर निर्णय लेने के निर्देश दिये है। जबलपुर निवासी इंद्रदत्त उरमलिया की ओर से अजय रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने 19 दिसंबर 2024 को सूचना के अधिकार के तहत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के लोक सूचना अधिकारी को आवेदन पेश किया था। आवेदन में स्थायी कर्मियों के नियमितिकरण के लिए गठित कमेटी के निर्णय की जानकारी मांगी गई थी। सूचना नहीं मिलने पर याचिकाकर्ता ने 23 जनवरी 2025 को कुलगुरू के समक्ष अपील प्रस्तुत की। कार्रवाई नहीं होने पर राज्य सूचना आयोग के समक्ष 24 मार्च 2025 को द्वितीय अपील प्रस्तुत की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये.